<u>प्रेस नोट थाना तिवारीपुर जनपद गोरखपुर दिनांक 06.01.2023</u>

गाड़ियों के चेचिस नं0 को कूट रचना कर अदला बदली करते हुए फर्जी तरीके से कागजात बनवाकर चार पहिया वाहनो का विक्रय कर धन अर्जित करने के आरोप में 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से कार व उपकरण बरामद

अपराध पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने एवं अपराधियों के विरूद्ध त्वरित कार्यवाही करने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर के द्वारा दिये गए आदेश-निर्देश व पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी कोतवाली के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्री मदन मोहन मिश्रा के नेतृत्व में व0उ0नि0 बांके यादव, उ0नि0 पंकज यादव मय हमराह पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण 1.अज्जू उर्फ दिलशाद पुत्र आसिफ जमा सा0 जफर कालोनी थाना तिवारीपुर जनपद गोरखपुर 2. राशिद अली पुत्र आबिद अली सा0 निवासी न्यू कालोनी गाजी रौजा वार्ड न0 63 थाना तिवारीपुर जनपद गोरखपुर को मय एक अदद कार, एक अदद गैस कटर, एक अदद सड़सी, एक अदद छेनी, एक अदद हथौड़ी के साथ गिरफ्तार किया गया अभियुक्तगण द्वारा उक्त उपकरणों के प्रयोग से गाड़ियों के चेचिस नं0 को कूट रचित कर अदला बदली करते हुए फर्जी तरीके से कागजात बनवाकर चार पहिया वाहनो का विक्रय कर धन अर्जित किया जाता है। अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना तिवारीपुर पर मु0अ0सं0 07/23 धारा 419/420/467/468/471/413 भा0दं0सं0 का अभियोग पंजीकृत किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण –</u>

1.अज्जू उर्फ दिलशाद पुत्र आसिफ जमा सा0 जफर कालोनी थाना तिवारीपुर जनपद गोरखपुर।

2. राशिद अली पुत्र आबिद अली सा0 निवासी न्यू कालोनी गाजी रौजा वार्ड न0 63 थाना तिवारीपुर जनपद गोरखपुर।

<u>पंजीकृत अभियोग का विवरण-</u>

मु0अ0सं0 07/23 धारा 419/420/467/468/471/413 भा0दं0सं0 थाना तिवारीपुर, गोरखपुर

<u>बरामदगी –</u>

1. एक अदद कार VOLKSWASGEN POLO TD लाल रंग की
2. एक अदद गैस कटर
3. एक अदद गैस सिलेन्डर
4. एक अदद सड़सी
5. एक अदद छेनी
6. एक अदद हथौड़ी।

<u>आपराधिक इतिहास-</u>

<u>अज्जू उर्फ दिलशाद पुत्र आसिफ जमा उपरोक्त-</u>

1.मु0अ0सं0 07/23 धारा 419/420/467/468/471/413 भा0दं0सं0 थाना तिवारीपुर, गोरखपुर

2.मु0अ0सं0 06/23 धारा 420/406/504/506 भा0दं0सं0, थाना तिवारीपुर, गोरखपुर

3.मु0अ0सं0 413/22 धारा 420/406/504/506 भा0दं0सं0 थाना कैंण्ट, गोरखपुर

<u>राशिद अली पुत्र आबिद अली उपरोक्त-</u>

मु0अ0सं0 07/23 धारा 419/420/467/468/471/413 भा0दं0सं0 थाना तिवारीपुर, गोरखपुर

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम–

1. व0उ0नि0 बांके यादव थाना तिवारीपुर, गोरखपुर
2. उ0नि0 पंकज यादव, थाना तिवारीपुर, गोरखपुर
3. का0 सुभम चौधरी थाना तिवारीपुर, गोरखपुर
4. का0 विपीन गौतम थाना तिवारीपुर, गोरखपुर
5. का0 धनवन्तर वर्मा थाना तिवारीपुर, गोरखपुर
6. का0 अंजनी कुमार थाना तिवारीपुर, गोरखपुर